# ''शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव का अध्ययन''

उषा शर्मा*

## अध्ययन के उद्देश्य

1. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल का अध्ययन करना।
2. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल का अध्ययन करना।
3. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय की महिला प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल का अध्ययन करना।
4. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव का अध्ययन करनां
5. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव का अध्ययन करना।
6. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के महिला प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव का अध्ययन करना।
7. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य सहसंबंध का अध्ययन करना।
8. जयपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन करना।

## अध्ययन की परिकल्पनाएँ

1. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
2. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
3. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय की महिला प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
4. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
5. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के पुरूष प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
6. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय की महिला प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
7. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।
8. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं होता है।

## अध्ययन विधि

प्रस्तुत अध्ययन मे सर्वेक्षण विधि का उपयोग किया गया है।

## न्यादर्श

इसमें शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के 1000 बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों जिसमें शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के 500 प्रशिक्षणार्थी तथा शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के 500 प्रशिक्षणार्थियों पर अपना अध्ययन कार्य सम्पन्न किया गया है इनके अन्तर्गत भी इन्हें दोनों महाविद्यालयों में 250 पुरूष व 250 महिला प्रशिक्षणार्थियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है इस पूरे न्यादर्श का चयन राजस्थान राज्य के जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, अजमेर संभागों में से किया गया है।

*पी. एच. डी. (शोध छात्रा), उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मान्यविश्वविद्यालय, गाँधी विद्या मन्दिर, सरदारशहर (राजस्थान)।
*E-mail Id:* ushasharma575@gmail.com

*© ADR Journals 2016. All Rights Reserved.*

## शोध में प्रयुक्त उपकरण

| क्र. सं. | परीक्षण का नाम | परीक्षण निर्माणकर्ता |
|---|---|---|
| 1 | "बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों की शिक्षण कौशल की जाँच हेतु निरीक्षण मापनी" | स्वनिर्मित |
| 2 | "बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों की शिक्षण कौशल की जाँच हेतु अभिवृति मापनी" | स्वनिर्मित |
| 3 | "बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव की जाँच हेतु अभिवृत्ति मापनी" | स्वनिर्मित |

## अनुसंधान में प्रयुक्त सांख्यिकी

अध्ययन की प्रकृति एवं उदेश्यों के आधार पर प्राप्त आकडों के विश्लेषण हेतु मध्यमान, प्रमाप विचलन, क्रान्तिक अनुपात एवं सह सम्बन्ध का प्रयोग किया गया है।

## प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

अध्ययन में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव से संबधित प्रदत्तों की तालिका 1 से 5 में प्रस्तुत है।

जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

**तालिका संख्या 1.जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी के आयाम के प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की तुलना**

| कौशल | | संख्या (N) | मध्यमान (MEAN) | प्रमाप विचलन (SD) | क्रान्तिक अनुपात (CR Value) | सार्थकता स्तर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 0.05 | 0.01 |
| श्यामपट्ट कौशल | TT college | 72 | 14.46 | 3.28 | 0.80 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 72 | 14.88 | 2.95 | | | |
| प्रस्तावना कौशल | TT college | 72 | 11.72 | 2.61 | 1.17 | | |
| | CTE | 72 | 11.26 | 2.05 | | | |
| प्रश्न कौशल | TT college | 72 | 11.67 | 3.76 | 1.03 | | |
| | CTE | 72 | 11.07 | 3.19 | | | |
| दृष्टान्त कौशल | TT college | 72 | 10.92 | 3.70 | 0.26 | | |
| | CTE | 72 | 10.76 | 3.28 | | | |
| पुनर्बलन कौशल | TT college | 72 | 11.58 | 4.20 | 1.20 | | |
| | CTE | 72 | 10.76 | 3.96 | | | |
| व्यारख्या कौशल | TT college | 72 | 11.04 | 3.67 | 0.66 | | |
| | CTE | 72 | 10.65 | 3.37 | | | |
| व्याख्यान कौशल | TT college | 72 | 11.17 | 3.43 | 0.06 | | |
| | CTE | 72 | 11.19 | 2.21 | | | |
| मूल्यांकन कौशल | TT college | 72 | 11.69 | 3.27 | 3.48 | सार्थक अन्तर है। | सार्थक अन्तर है। |
| | CTE | 72 | 10.08 | 2.16 | | | |
| प्रदर्शन कौशल | TT college | 72 | 11.11 | 3.81 | 1.83 | | |
| | CTE | 72 | 12.22 | 3.45 | | | |

$(df=N_1+N_2\&2=72+72\&2=142)$

उपर्युक्त तालिका संख्या 1 में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल के मध्यमानों एवं मानक विचलनों को प्रदर्शित किया गया है। मध्यमानों एवं मानक विचलनों की गणना के आधार पर क्रांन्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 0.80, 1.17, 1.03, 0.26, 1.20, 0.66, 0.06, 3.48 व 1.83 प्राप्त हुआ है। 1428 (df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल व प्रदर्शन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है, तथा मूल्यांकन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से अधिक है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल व प्रदर्शन कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है। जबकि मूल्यांकन कौशल में सार्थक अन्तर पाया गया है।

जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

**तालिका संख्या 2.जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयाम के प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की तुलना**

| कौशल | | संख्या (N) | मध्यमान (MEAN) | प्रमाप विचलन (SD) | क्रान्तिक अनुपात (CR Value) | सार्थकता स्तर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 0.05 | 0.01 |
| श्यामपट्ट कौशल | TT college | 72 | 20.36 | 5.62 | 3.64 | सार्थक अन्तर है। | सार्थक अन्तर है। |
| | CTE | 72 | 17.51 | 3.53 | | | |
| प्रस्तावना कौशल | TT college | 72 | 16.40 | 3.61 | 0.07 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 72 | 16.36 | 3.37 | | | |
| दृष्टान्त कौशल | TT college | 72 | 17.76 | 3.81 | 2.50 | सार्थक अन्तर है। | सार्थक अन्तर नहीं है। |
| | CTE | 72 | 16.28 | 3.30 | | | |
| पुनर्बलन कौशल | TT college | 72 | 16.65 | 3.33 | 1.11 | | |
| | CTE | 72 | 15.99 | 3.87 | | | |
| व्याख्या कौशल | TT college | 72 | 18.06 | 4.36 | 0.46 | | |
| | CTE | 72 | 17.74 | 4.00 | | | |
| व्याख्यान कौशल | TT college | 72 | 16.86 | 3.59 | 1.32 | | |
| | CTE | 72 | 16.15 | 2.79 | | | |
| मूल्यांकन कौशल | TT college | 72 | 16.32 | 4.29 | 0.04 | | |
| | CTE | 72 | 16.29 | 3.80 | | | |
| प्रदर्शन कौशल | TT college | 72 | 17.90 | 4.30 | 0.40 | | |
| | CTE | 72 | 17.63 | 4.08 | | | |

**(df=$N_1$+$N_2$ &2=72+72&2=142)**

उपर्युक्त तालिका संख्या 2 में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल के मध्यमानों एवं मानक विचलनों को प्रदर्शित किया गया है। मध्यमानों एवं मानक विचलनों की गणना के आधार पर क्रान्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 3.64, 0.07, 2.50, 1.11, 0.46, 1.32, 0.04, व 0.40 प्राप्त हुआ है। 142(df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः प्रस्तावना कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल व प्रदर्शन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है, जबकि श्यामपट्ट कौशल में प्राप्त मान दोनों सार्थकता स्तरों से अधिक है तथा दृष्टान्त कौशल में 0.01 सार्थकता स्तर से कम तथा 0.05 सार्थकता स्तर से अधिक है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है। जबकि मूल्यांकन कौशल व दृष्टान्त कौशल में सार्थक अन्तर पाया गया है।

जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।

**तालिका संख्या 3.जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयाम के प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तरों की सार्थकता की तुलना**

| तनाव | | संख्या (N) | मध्यमान (MEAN) | प्रमाप विचलन (SD) | क्रान्तिक अनुपात (CR Value) | सार्थकता स्तर | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 0.05 | 0.01 |
| शारीरिक तनाव | TT college | 72 | 21.49 | 5.57 | 0.67 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 72 | 20.90 | 4.86 | | | |
| मानसिक तनाव | TT college | 72 | 22.38 | 6.42 | 0.78 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 72 | 21.67 | 4.24 | | | |
| संस्थागत तनाव | TT college | 72 | 19.14 | 5.09 | 1.48 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 72 | 20.92 | 8.80 | | | |
| उपलब्धि तनाव | TT college | 72 | 17.22 | 3.48 | 0.30 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 72 | 17.40 | 3.68 | | | |
| सामाजिक तनाव | TT college | 72 | 16.14 | 4.85 | 0.39 | सार्थक अन्तर नहीं है। | |
| | CTE | 72 | 15.86 | 3.70 | | | |

**(df=$N_1$+$N_2$&2=72+72&2=142)**

उपर्युक्त तालिका संख्या 3 में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयामों क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, संस्थागत तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव के मध्यमानों एवं मानक विचलनों को प्रदर्शित किया गया है। मध्यमानों एवं मानक विचलनों की गणना के आधार पर क्रान्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 0.67, 0.78, 1.48, 0.30 व 0.39 प्राप्त हुआ है। 142(df) स्वतंत्रता के अंश पर 0. 05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। गणना द्वारा प्राप्त मान क्रमशः शारीरिक

तनाव, मानसिक तनाव, संस्थागत तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयामों क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, संस्थागत तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।

जयपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं होता है।

**तालिका संख्या 4.जयपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांको के मध्य सहसम्बन्ध की गणना**

| मापनियाँ | संख्या (N) | सहसम्बन्ध मान |
|---|---|---|
| शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी | 72 | -0.04 |
| शैक्षिक तनाव मापनी | 72 | |
| शिक्षण कौशल मापनी | 72 | 0.23 |
| शैक्षिक तनाव मापनी | 72 | |

## विश्लेषण

उपर्युक्त सारणी में जयपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक -0.04 है अर्थात् निम्न ऋणात्मक सम्बन्ध पाया गया है। जबकि शिक्षण कौशल मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक 0.23 है अर्थात् निम्न घनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। अतः शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में निम्न स्तर की कमी दिखाई देती है। जबकि शिक्षण कौशल अभिवृत्ति में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में वृद्धि निम्न स्तर की पाई गई है।

जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव के मध्य कोई सार्थक सहसंबंध नहीं होता है।

**तालिका संख्या 5.जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांको के मध्य सहसम्बन्ध की गणना**

| मापनियाँ | संख्या (N) | सहसम्बन्ध मान |
|---|---|---|
| शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी | 72 | -0.18 |
| शैक्षिक तनाव मापनी | 72 | |
| शिक्षण कौशल मापनी | 72 | 0.03 |
| शैक्षिक तनाव मापनी | 72 | |

## विश्लेषण

उपर्युक्त सारणी में जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक -0.18 है अर्थात् निम्न ऋणात्मक सम्बन्ध पाया गया है। जबकि शिक्षण कौशल मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक 0.03 है अर्थात् निम्न घनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। अतः शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में निम्न स्तर की कमी दिखाई देती है। जबकि शिक्षण कौशल अभिवृत्ति में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में वृद्धि निम्न स्तर की पाई गई है।

## निष्कर्ष

1. गणना द्वारा जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल का क्रांन्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 0.80, 1.17, 1.03, 0.26, 1.20, 0.66, 0.06, 3.48 व 1.83 प्राप्त हुआ है। 1428(df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। प्राप्त मान क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल व प्रदर्शन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है, तथा मूल्यांकन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से अधिक है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, प्रश्न कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल व प्रदर्शन कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है। जबकि मूल्यांकन कौशल में सार्थक अन्तर पाया गया है।
2. गणना द्वारा जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल का क्रांन्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 3.64, 0.07, 2.50, 1.11, 0.46, 1.32, 0.04, व 0.40 प्राप्त हुआ है। 142(df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। प्राप्त मान क्रमशः प्रस्तावना कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल व प्रदर्शन कौशल में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है, जबकि श्यामपट्ट कौशल में प्राप्त मान दोनों सार्थकता स्तरों से अधिक है तथा दृष्टान्त कौशल में 0.01 सार्थकता स्तर से कम तथा 0.05 सार्थकता स्तर से अधिक है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना आंशिक रूप से स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल के आयामों क्रमशः श्यामपट्ट कौशल, प्रस्तावना कौशल, दृष्टान्त कौशल, पुनर्बलन कौशल, व्याख्या कौशल, व्याख्यान कौशल, मूल्यांकन कौशल व प्रदर्शन कौशल में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है। जबकि मूल्यांकन कौशल व दृष्टान्त कौशल में सार्थक अन्तर पाया गया है।
3. गणना द्वारा जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयामों क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, संस्थागत तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव का क्रांन्तिक अनुपात मान (C.R.Value) क्रमशः 0.67, 0.78, 1.48, 0.30 व 0.39 प्राप्त हुआ है। 142(df) स्वतंत्रता के अंश पर 0.05 सार्थकता स्तर का मान क्रांतिक अनुपात मान की तालिका में 1.97 तथा 0.01 सार्थकता स्तर का मान 2.61 दिया गया है। प्राप्त मान क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, संस्थागत तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव में दोनों सार्थकता स्तरों से कम है अतः यह निर्धारित शून्य परिकल्पना स्वीकृत की जाती है तथा निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शैक्षिक तनाव के आयामों क्रमशः शारीरिक तनाव, मानसिक तनाव, संस्थागत तनाव, उपलब्धि तनाव व सामाजिक तनाव में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया है।
4. गणना द्वारा जयपुर संभाग के शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक .0.04 है अर्थात् निम्न ऋणात्मक सम्बन्ध पाया गया है। जबकि शिक्षण कौशल मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके

अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक 0.23 प्राप्त हुआ है। अर्थात् निम्न घनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। अतः निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में निम्न स्तर की कमी दिखाई देती है। जबकि शिक्षण कौशल अभिवृत्ति में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में वृद्धि निम्न स्तर की पाई गई है।

5. गणना द्वारा जयपुर संभाग के शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल निरीक्षण मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध गुणांक -0.18 है अर्थात् निम्न ऋणात्मक सम्बन्ध पाया गया है। जबकि शिक्षण कौशल मापनी एवं शैक्षिक तनाव मापनी के प्राप्तांकों के मध्य सहसम्बन्ध की गणना की गई है जिसके अनुसार सहसम्बन्ध गुणांक 0.03 है अर्थात् निम्न घनात्मक सम्बन्ध पाया गया है। अतः निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थियों के शिक्षण कौशल में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में निम्न स्तर की कमी दिखाई देती है। जबकि शिक्षण कौशल अभिवृत्ति में वृद्धि होने पर शैक्षिक तनाव में वृद्धि निम्न स्तर की पाई गई है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


[1] तनाव से मुक्ति के सूत्र राजस्थान पत्रिका, 22 मई 2008.

[2] अग्रवाल सुभाष चन्द्र, ''अध्यापक प्रशिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य पर चिंता के प्रभाव का अध्ययन''.

[3] हेनरी, ई. गेरेट (2010), ''शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकीय के प्रयोग'', कल्याणी पब्लिशर्स, लुधियाना.

[4] भारतीय शिक्षा शोध पत्रिका भारतीय इंस्टीटयूट ऑफ रिसर्च, लखनऊ (जुलाई–दिस. 1995) पेज. सं. 109.114.

[5] Indian journal of Education research, Vol-24 No. 1 Jan-June 2005.

[6] http://www.clocpotter.symptomhtml 41299 Dr. Beverly Potter "Common Signs of Burnout".